जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

28 अक्टूबर, 2024

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया मिल्लिया इस्लामिया का 104वां स्थापना दिवस समारोह - तीन दिवसीय समारोह के दूसरे दिन आयोजित कार्यक्रम

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के 104वें स्थापना दिवस समारोह के दूसरे दिन अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसका शुभारंभ 27 अक्टूबर, 2024 को हुआ था। तीन दिवसीय समारोह का समापन 29 अक्टूबर को होगा। जामिया मिल्लिया इस्लामिया की स्थापना 29 अक्टूबर, 1920 को अलीगढ़, उत्तर प्रदेश में हुई थी और 1925 में इसे दिल्ली स्थानांतरित किया गया था।

दिनांक 28 अक्टूबर, 2024 को फारसी विभाग ने विश्वविद्यालय के मीर अनीस हॉल में "जामिया के संस्थापक" विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया। कुलपति प्रो. मजहर आसिफ उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि रहे । कुलपति के रूप में विश्वविद्यालय में अपना पदभार ग्रहण करने के उपरांत यह उनका पहला कार्यक्रम था जिसमें वह शामिल हुए ।

अपने संबोधन के दौरान, जो मुख्य रूप से फारसी भाषा में था, कुलपति ने इस ऐतिहासिक संस्थान की स्थापना और पोषण में जामिया मिल्लिया इस्लामिया के महान संस्थापकों की भूमिकाओं पर रोशनी डाली । उन्होंने एक संस्थान को आकार देने में शिक्षकों की भूमिका पर बल दिया। विश्वविद्यालय एक ऐसा स्थान है जहाँ छात्र अच्छी आदत, शिष्टाचार, सम्मान और उपयुक्तता सीखते हैं। उन्होंने बल देकर कहा कि कुलपति की भूमिका अपने संकाय सदस्यों के दृष्टिकोण को क्रियान्वित करने में सहायता करना है।

विश्वविद्यालय और जामिया स्कूलों के विभिन्न विभागों में अनेक दूसरे कार्यक्रम आयोजित किए गए। सीपीआरएस द्वारा एक निःशुल्क फिजियोथेरेपी शिविर का आयोजन किया गया। दंत चिकित्सा संकाय ने ऑरल हेल्थ जांच शिविर और एक ऑरल हेल्थ प्रदर्शनी का आयोजन करके स्थापना दिवस मनाया। दंत चिकित्सा संकाय के परिसर में मोबाइल डेंटल बस में दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय में छात्रों का मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन एवं परामर्श, एनएसएस द्वारा रक्तदान शिविर, जेंडर चैंपियन क्लब एवं साहित्यिक क्लब द्वारा महिला लेखकों की साहित्यिक कृतियाँ पढ़ना, वास्तुकला एवं एकिस्टिक्स संकाय के बी.आर्क के छात्रों द्वारा फोटोग्राफी एवं पेंटिंग प्रदर्शनी, वास्तुकला विभाग में विस्तार व्याख्यान, विधि संकाय में "राष्ट्रीय निर्माण में जामिया की भूमिका" पर व्याख्यान, मानसिक स्वास्थ्य पर सार्वजनिक व्याख्यान, चार यार-म्यूजिक क्लब (बैंड) द्वारा प्रदर्शन तथा ड्रामा क्लब द्वारा आधुनिक कवियों के साथ ग़ालिब की रचनाओं को प्रदर्शित किया गया।

जामिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बहुउद्देशीय हॉल में 'दास्तान-ए-जामिया' शीर्षक के अंतर्गत वाद-विवाद प्रतियोगिता, बैतबाज़ी, ग़ज़ल सराय और पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

सामाजिक कार्य विभाग ने अपने 104वें स्थापना दिवस पर मेन अगेंस्ट वायलेंस एंड एब्यूज के सहयोग से लैंगिक न्याय पर फिल्म स्क्रीनिंग और पैनल चर्चा का आयोजन किया।

स्थापना दिवस समारोह की शुरुआत दिनांक 27 अक्टूबर, 2024 को जीवंत स्कूली कार्यक्रमों तथा स्कूल के कर्मचारियों एवं छात्रों के बीच एक मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच के साथ हुई।

स्थापना दिवस समारोह के मुख्य कार्यक्रम दिनांक 29 अक्टूबर, 2024 को आयोजित किए जाएँगे।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया